न्यायालय तहसीलदार रामगंजमंडी (कोटा)
पीठासीन अधिकारी श्रीमति मिथलेश मीणा (R.T.S)
तहसीलदार रामगंजमंडी

मि०नं० 17/2017.

खेमचन्द पु० किशन लाल जाति जाटव नि० रामगंजमंडी

बनाम

किरधी लाल पु० देवी लाल भील नि० हनुमतखेड़ा
तह० रामगंजमंडी

वाद प्रा०पत्र अन्तर्गत धारा 183(बी) आर.टी.एक्ट.

निर्णय दिनांक 29-3-17

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रा०पत्र में निवेदन किया है कि ग्राम हनुमतखेड़ा की आराजी खसरा नं. 131 रकबा 0.70है. राजस्व रेकार्ड में किशनलाल पु० अंगद जाति जाटव निवासी रामगंजमंडी के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार किशन लाल का देहान्त दिनांक 16-2-2016 हो गया है। मृतक खातेदार हम वैध वारिस है। जो अनु० जाति वर्ग के अन्तर्गत आते है। उक्त भूमि पर किरधी लाल पु० देवी लाल भील नि० हनुमतखेड़ा ने जबरन रोक कर अवैध कब्जा कर लिया है। और झगड़ा व जातिगत गालिया देते हुए अपमानित किया है एवं कब्जा छोड़ने से साफ इन्कार कर दिया है। उक्त भूमि हमारी है। भूमि का वापस कब्जा दिलाने का निवेदन किया है।

वाद प्रा०पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी ने अपने जवाब अन्तर्गत किये और खातेदार भूमि पर कब्जा नहीं करना बताया है अर्थात अवैध कब्जा करना अस्वीकार किया है।

P.T.O-2

तथा स्वयं के खाते की ख.नं. 128/2.24है. पर ही काबिज होकर काश्त करना कहता है।

प्रकरण में पटवारी हल्का और राज पुरा से वर्तमान मौका रिपोर्ट ली गई और शामिल की गई।

प्रार्थी व अप्रार्थी को अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत करने व जवाब-जवाब हेतु समुचित अवसर दिये गये।

पत्रावली में संलग्न, राजस्व रेकर्ड प्रतियों/जवाब, आदेश/रिपोर्ट आदि का अवलोकन किया गया। और यह पाया गया की उक्त विवादित आराजी प्रार्थी के पिता बिरधी लाल पु० अंगद जाति जाटव काश्तकार के खातेदारी की है। रिपोर्ट पटवारी हल्का अनुसार विवादित आराजी 131 के दक्षिणी पूर्वी कोने से उत्तरी पूर्वी कोने तक ख.नं. 128 के लगभग-लगभग भूमि पर ख.नं. 128 के खातेदार बिरधी लाल पु० देवीलाल मीना द्वारा रकबा 0.06है. भूमि पर कब्जा कर रखा है। जिस पर फसल की जा रही है। जो उक्त भूमि पर अविधिक रूप से अप्रार्थी ने कब्जा कर रखा है। अतः उक्त आराजी से अप्रार्थी को बेदखल करने के आदेश दिये जाते हैं। भू. अ० निरीक्षक व पटवारी हल्का को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय सुनाया गया।

(हस्ताक्षर)

मिथलेश मीना (R.T.S)

तहसीलदार रामगढ़ी

Scanned by CamScanner